**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–15.04.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के० रवि कुमार मतदाता जागरूकता को लेकर निर्मित शॉर्ट फिल्म उड़ चली का कल करेंगे लोकार्पण, अन्य प्रचार सामग्रियों का भी करेंगे शुभारंभ।**
2. **राज्य में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज, मुख्यमंत्री ने सरायकेला में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, खूंटी में अर्जुन मुंडा, तो कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी ने संभाली कमान।**
3. **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत, हेमंत सोरेन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कोर्ट ने किसी भी पीड़क कार्रवाई पर लगायी रोक।**
4. **नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक और सफलता, चतरा से चार नक्सली समर्थक गिरफ्तार, देवघर में दो साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे।**

**और**

5. **राज्य में गर्मी का प्रकोप बढ़ा, कई जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार, अगले कुछ दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी की संभावना।**

***************

निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई स्तरों पर कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कल मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निर्मित शार्ट फिल्म उड़ चली और अन्य प्रसार सामग्रियों का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान श्री कुमार मीडिया को भी संबोधित करेंगे।

***************

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर में पार्टी की ओर से आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। श्री सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर 25 महिला और 25 पुरुष होना चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके। उन्होंने रांची में 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली में प्रत्येक बूथ से 100 लोगों को शामिल होने का आह्वान किया।

***************

चुनावी प्रचार को धारदार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज रांची में मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया। मीडिया सेंटर का उदघाटन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

***************

केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने आज जिले के नेताजी चौक पर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में श्री मुंडा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। वर्ष 2025 में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को सरकार 'जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनायेगी। श्री मुंडा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र ने जनजातीय समुदाय का मान–सम्मान बढ़ाने का काम किया है। इस दौरान खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो, कांग्रेस, राजद और झारखंड पार्टी के लगभग 200 कार्यकर्त्ता भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा पार्टी के खूंटी लोकसभा प्रभारी रवीन्द्र राय भी मौजूद थे।

***************

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा लोकसभा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि भाजपा का संकल्प पत्र वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाला है। उन्होंने आज अपने चाराडीह स्थित आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए संकल्प पत्र जारी करती है। उन्होंने कहा कि इस बार भी संकल्प पत्र के जरिए भाजपा ने विभिन्न सेक्टर में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने का संकल्प दोहराया है।

***************

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के साथ क्षेत्र में हुए हमले को लेकर राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज रांची में पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान पुलिस महानिदेशक से घटना में शामिल लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा।

***************

श्यापा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में नौंवां रैंक दिया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खुशी जताते हुए सभी को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले आदिवासियों, मूलवासियों और आम लोगों के जीवन स्तर में सरकार बदलाव ला रही है, जिसे केन्द्र सरकार द्वारा सराहा गया है।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय में आज पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में सिमडेगा थानों में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देनेवाली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में न्यायालय ने श्री मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है।

***************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। श्री सोरेन के वकील ने जमानत को लेकर याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर कल ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। गौरतलब है कि रांची के बड़गाई अंचल की आठ एकड़ 46 डिसमिल जमीन के कथित रूप से घोटाले के आरोप में ईडी ने 31 जनवरी को पूछताछ के बाद श्री सोरेन को गिरफ्तार किया था।

***************

रांची जिले के रातू थानाक्षेत्र में आज सवेरे हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गये। इनमें से दो महिलाओं की स्थिति गंभीर है। सभी घायलों को पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के अस्पताल भेजा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छठ पूजा को लेकर छोटे वाहन पर सवार होकर श्रद्धालु रातू के चटकपुर से रातू तालाब अर्घ्य देने जा रहे थे, इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। इधर इस दुर्घटना पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में मृत लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

***************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। चतरा जिले के पिपरवार थानाक्षेत्र से पुलिस ने प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सली संगठन के चार समर्थकों को आज गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडये ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से दो अमेरिकन मेड पिस्टल, दो मैगजीन, सौ चक्र जिंदा गोली, रंगदारी और लेवी मांगने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के दो मोबाइल फोन तथा नक्सली पर्चा सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली कोयला व्यवसाय से जुड़े लोगों को डरा–धमकाकर लेवी वसूलने का काम करते थे।

***************

इधर साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में देवघर पुलिस को भी एक और सफलता मिली है। पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले दो साइबर अपराधियों को कुंडा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी किया करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड और एटीएम बरामद किया है।

***************

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर बोकारो जिला प्रशासन युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट–मनोज कुमार, बोकारो–48 सेकेंड**

***************

चैत्र नवरात्र की आज सप्तमी तिथि है। आज के दिन श्रद्धालु देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना कर रहे हैं। रांची के श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब में आज भव्य पूजा पंडाल और माता दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। पूजा समिति की ओर से कल महा अष्टमी के दिन संधि बलि और पुष्पांजलि की जाएगी।

***************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज से गर्मी का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया है। कई जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले तीन–चार दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। मौसम केन्द्र के अनुसार आगामी उन्नीस अप्रैल तक आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। वहीं बीस और इक्कीस अप्रैल को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाया रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा।

*******समाप्त*******